Vacation of quarters on transfers

*305. SHRI MUNAVVAR HASAN: Will the Minister of COAL AND MINES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that many of the officers of Jayant and Khariya Projects of Northern Coalfields Limited, Singrauli have not vacated their Government quarters despite being transferred to other places many years ago;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether it is also a fact that most of the officers and employees working under Jayant and Khariya Project have not been provided Government quarters so far;

(d) if so, the details thereof; and

(e) by when Government quarters are likely to be got vacated from officers transferred elsewhere?

THE MINISTER OF COAL AND MINES (SUSHREE UMA BHARTI): (a) to (e) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) and (b) During the period from April, 1996 to 30.11.2002, out of 173 officers transferred from Jayant Project, only 55 officers are still retaining their accommodation at Jayant. Similarly out of 87 officers transferred from Khadia during the above period, only 24 officers are still retaining their accommodation at Khadia.

(c) and (d) Maximum employees of Jayant and Khadia Projects have been provided with quarters. The status of quarter allotment at Jayant and Khadia is as under:

Name of the project	No. of Employees entitled for quarters		No. of Employees who have been provided Quarter		No. of Employees who have not been provided Quarter at Jayant/Khadia	
	Executives	Non-executives	Executives	Non-executives	Executives	Non-executives
Jayant	187	2242	132	2026	55	216
Khadia	126	1295	117	1151	9	144

(e) Action has been initiated for providing quarters to the officers transferred elsewhere from Jayant and Khadia projects, at the place of their transfer so that quarters occupied by them at Jayant and Khadia projects could be vacated.

श्री मुनव्वर हसन: सभापति महोदय, मंत्री महोदया ने बताया है कि अप्रैल, 1996 से नवम्बर, 2002 के बीच में जयन्त परियोजना के स्थानान्तरित 173 अधिकारियों में से 55 अधिकारियों ने अभी तक आवास खाली नहीं किए हैं। खडिया परियोजना के 87 स्थानान्तरित अधिकारियों में से 24 अधिकारियों ने भी अभी तक अपने आवास खाली नहीं किए हैं। छह साल का समय बीत चुका है। सभापति जी, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि उन अधिकारियों के स्थानान्तरण को छह वर्ष हो गए हैं और अभी तक उन अधिकारियों ने आवास खाली क्यों नहीं किए हैं? उसका कारण क्या है? इसके लिए क्या कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है?

श्री सभापति: माननीय सदस्य आपके क्वेश्चन में ही इसका जवाब है कि उनको जहां पर ट्रांसफर किया गया है वहां पर उनको मकान नहीं मिले हैं। वे इस कारण से रह रहे हैं।

श्री मुनव्वर हसन: सभापति महोदय, मैं समय-सीमा के बारे में मंत्री महोदया से पूछना चाहता हूं कि कितनी समय-सीमा इनको खाली कराने के लिए रखी गयी थी?

सुश्री उमा भारती: सर, जैसा कि आपने सुना है, स्थिति वही है। लेकिन माननीय सदस्य ने अगर जानकारी मांगी है तो मैं बताना चाहती हूं कि जो नार्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड है उसका पूरा एरिया ही लगभग 15 किलोमीटर तक का है। अगर उसमें एक जगह से दूसरी जगह पर किसी का ट्रांसफर होता भी है तो सिर्फ पांच-सात किलोमीटर की दूरी पर ही होता है। जिन कर्मचारियों के बारे में माननीय सदस्य ने सवाल किया है वे कर्मचारी एक जगह से स्थानान्तरित होकर दूसरी जगह पर आए और इनकी जगह पर जो कर्मचारी वहां पर गए उन्होंने भी मकान खाली नहीं किए हैं। इसीलिए मैंने आज ही अपने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नार्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड जिसका टोटल एरिया लगभग 15 किलोमीटर तक का है इसलिए एक जगह से दूसरी जगह पर ट्रांसफर होने पर भी आवास खाली नहीं होने की व्यवस्था होनी चाहिए और उसमें हम सुधार कर लेंगे। क्योंकि पांच-छह किलोमीटर की दूरी पर ट्रांसफर हो जाने में हम नहीं समझते हैं कि आवास खाली कराये जाने चाहिए।

MR. CHAIRMAN: Now, we move on to the next question.Question No. 306...(*Interruptions*)

श्री रमा शंकर कौशिक: सभापति महोदय, जो कर्मचारी वहां पर पहुंच गए हैं ...(व्यवधान)...

सुश्री उमा भारती: अगर सभापति महोदय, अनुमति देंगे तो मैं उत्तर दे दूंगी।